संक्षिप्त समाचार

लखपति दीदी महासम्मेलन कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने लिया भाग

कैथल (कृष्ण प्रजापति) : अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में लखपति दीदी महासम्मेलन कार्यक्रम पूंडरी खंड के बीडीपीओ कार्यालय में मनाया गया। जिसमें क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लाइव सुना। कार्यक्रम के मुख्य रूप से महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी डुलयानी, भाजपा पूंडरी लोकसभा संयोजक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व विधायक तेजवीर सिंह व पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक ने भाग लिया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने मुख्य मेहमानों व अन्य अतिथिगणों का स्वागत किया। चौ. तेजवीर सिंह व अनीता चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की आवाज को बुलंद करते हुए महिलाओं को लोकसभा व विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है। आज के समय में देश व प्रदेश में महिलाओं के अधिकारी काफी सुरक्षित हुए हैं। भाजपा सरकार ने पहली बार महिलाओं के हकों को देने का काम किया है। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी पार्टी की बड़ी जिम्मेवारी मिल सकती है। पार्टी में भाई-भतिजावाद व परिवारवाद का नहीं कार्यकर्ता के काम का आंकलन किया जाता है। नारी शक्ति आज किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। राजनीति में उनकी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का काम भाजपा ने किया है।

मेजर सिंह सैनी के सेवानिर्वत होने पर ग्रामीणों ने किया अभिन्नदन

सेवानिर्वत हवलदार मेजर सिंह ने कहा कि अब क्षेत्र के नोजवानों को सेना में भर्ती होने के प्रति करेंगे प्रेरित

बाबैन : भारतीय सेना के प्रति आमजन में कितना जज्बा है इसकी एक झलक आज गांव धनानी में देखने को मिली जब हवलदार मेजर सिंह सैनी के सेवानिर्वत होने के बाद में पहुंचे तो परिजनों और ग्रामीणों ने सम्मान समारोह आयोजित करके उनका जोरदार अभिनंदन किया जिसकी क्षेत्र के गावों में भी चर्चा देखने को मिल रही है। यही नहीं ग्रामीणों ने हवलदार मेजर सिंह का ढोल नगाडों सें हर्षोल्लास के साथ गांव में स्वागत किया गया। फू लों की वर्षा करते हुए इस बीच पूरा गांव भारत माता के जयकारों से गूंजता रहा। मेजर सिंह के स्वागत में उनके रिश्तेदारों संग पूरा गांव उमड़ा पड़ा व इलाके के अनेक गण्यमान्य व्यक्ति पहुंवे और मेजर सिंह इस तरह अपना स्वागत सत्कार देखकर ग्रामवासियों से मिलकर खुश व भावुक नजर आए । हवलदार मेजर सिंह से मिलने व देखने के लिए लोग घर से बाहर निकले और फू ल मालाओं से स्वागत किया। हवलदार मेजर सिंह ने भी अपने गांव में मिले प्रेम व आदर को हाथ जोडकर स्वीकार किया। गांव के भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने देश भक्ति के नारे भी लगाए और समस्त ग्रामवासियों से मिलकर खुश व भावुक नजर आए। गांव में यह पहला मौका है जब सेना से रिटायरमेंट के बाद किसी जवान का इस अंदाज में स्वागत किया गया है। हवलदार मेजर सिंह ने कहा कि वह 18 साल की उम्र में सेना में भर्ती हुए और 21 साल तक देश सेवा करने का मौका मिला । उन्होंने कहा कि अब रिटायर होने के बाद अब क्षेत्र के नोजवानों को सेना में भर्ती होने के प्रति प्रेरित करेंगें ताकि युवा सेना में भर्ती होकर उनकी तरह देश की सेवा कर सके।

राजकीय महाविद्यालय छछरौली में लखपति दीदी महासम्मेलन में प्रीति जौहर रही मुख्य वक्ता

यमुनानगर : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय महाविद्यालय छछरौली में आयोजित लखपति दीदी महासम्मेलन में प्रीति जौहर मुख्य वक्ता रही। इस महासम्मेलन में भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। प्रीति जौहर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य जल्द पूरा होगा। जिलाध्यक्ष प्रीति जौहर के वक्तव्य के बाद प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का उद्बोधन हुआ। इस अवसर पर रामपाल नम्बरदार, महिला मोर्चा अध्यक्ष बीजेपी प्रीति जौहर, छछरौली कॉलेज के प्रिंसिपल डी.एस. लाम्बा, भाजपा मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, मण्डल अध्यक्ष कल्याण सिंह, जगदीश धीमान, कर्ण सिंह नरवाल, बलविंदर ढांडा, हरिन्दर काम्बोज, मंच संचालक अनामिका वालिया व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : काम्बोज धर्मशाला में लखपति दीदी महासम्मेलन कार्यक्रम आयोजित

रादौर : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में काम्बोज धर्मशाला में खंड स्तरीय लखपति दीदी महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कर्णदेव काम्बोज ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं सहायता समूह के सदस्यों व नागरिकों को लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए संबोधित किया। पूर्व मंत्री कर्णदेव काम्बोज ने कहा कि लखपति दीदी योजना देश में गरीब महिलाओं को आर्थिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस योजना के तहत अभी तक 2 करोड़ महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया है और अब इसका दायरा बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया गया है। इस योजना में कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत महिलाओं को प्लंबिंग, एलईडी बल्ब बनाने के साथ ड्रोन संचालन और उनकी मरम्मत जैसी कई तरह की अन्य ट्रेनिंग भी दी जाती है, जिससे महिलाएं स्वावलंबी बन सके। इस अवसर पर एसडीएम रादौर चन्द्रकांत कटारिया, नायब तहसीलदार अनिल कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीषा अग्रवाल, एसईपीओ अनुज, चुनाव प्रभारी रादौर देवेन्द्र चावला, पूर्व विधायक ईश्वर पलाका, मण्डल अध्यक्ष हैप्पी खेडक़ी, मण्डल अध्यक्ष हरपाल, डॉ. ऋषिपाल सैनी, युवा मोर्चा रादौर मुकेश अरोड़ा, चरण सिंह टोपरा, ब्लॉक समिति चेयरमैन विपिन काम्बोज, हरबंस सैनी, धनपत सैनी, मंच संचालक सतीश सैनी, रतन कलानौर, सुशील बतरा, दिशा बंसल, नरेन्द्र राणा, राजवेन्द्र संधू, राकेश पांचाल के अलावा विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद थी।

2024 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत होगी 9 मार्च को, एक समय पर लंबित मामलों का होगा निराकरण

यमुनानगर : प्रदेश में प्रति वर्ष नेशनल लोक अदालतों का अयोजन किया जाता है, जिसके तहत न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकरणों का एक छत के नीचे आपसी समझौते के तहत निराकरण न्यायालय द्वारा कराया जाता है। जिसके तहत वर्ष 2024 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च को आयोजित की जाएगी। जनवरी माह से 8 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार कार्यदिवस पर प्रात: 11 बजे प्री-लोक अदालतें भी लगाई गई है। जिला यमुनानगर में भी नियमानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 9 मार्च 2024 को वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत लगाना निश्चित किया गया है तथा 8 मार्च से पूर्ण प्री-लोक अदालतें प्रति शुक्रवार लगाई गई हैं। इसी के चलते स्वास्थ्य विभाग यमुनानगर से हड्डी रोग विशेषज्ञ की मामलों के निराकरण में सहयोग हेतु नियुक्ति की मांग की गई थी। मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर की प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या मंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि दंडाधिकारी के आदेशों की पालना में डॉ. अनुज मंगला (हड्डी रोग विशेषज्ञ) वरिष्ट चिकित्सा अधिकारी, उप-जिला नागरिक अस्पताल जगाधरी की नियुक्ति 8 मार्च 2024 से पूर्व प्रति शुक्रवार को प्री-लोक अदालतों में की गई थी तथा 9 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निराकरण बारे भी डॉ. अनुज मंगला (हड्डी रोग विशेषज्ञ) वरिष्ट चिकित्सा अधिकारी की डियूटी लगाई गई है।

नगर निगम ने जगाधरी वर्कशॉप रोड से हटाया अतिक्रमण, जत किया सामान

सड़क पर अतिक्रमण करने व गंदगी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

मनीषा चौधरी

यमुनानगर। शहर की सड़कों पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, इसको लेकर नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत बुधवार को नगर निगम की टीम ने जगाधरी वर्कशॉप रोड से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। निगम अधिकारियों द्वारा इस दौरान अतिक्रमण करने वालों का सड़क पर रखा सामान जब्त किया, हालांकि अधिकतर दुकानदारों ने निगम की टीम को देख पहले ही अपना सामान दुकानों के भीतर रख लिया। निगम अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि उन्होंने फिर से सामान रखकर अतिक्रमण किया तो उनका सामान जब्त कर भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह व जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ दस्ते बनाए गए हैं। बुधवार को जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में बनी टीम ने शहीद भगत सिंह चौक से महाराणा प्रताप चौक तक सड़क के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाया। टीम में एसआई सुशील, रणबीर, होमगार्ड के जवान व निगम के अन्य कर्मी शामिल थे। निगम की टीम जब शहीद भगत सिंह चौक के नजदीक अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। निगम की टीम को देख दुकानदारों ने स्वयं अपना सामान समेटना शुरू कर दिया। निगम कर्मियों द्वारा इस दौरान सड़क पर रखे दुकानदारों के सामान को उठाकर निगम के वाहन में रखवाया।

⊙ निगम की टीम ने शहीद भगत सिंह चौक से महाराणा प्रताप चौक तक हटाया अतिक्रमण, लोगों को किया जागरूक

सीएसआई सुनील दत्त व अन्य सफाई निरीक्षकों ने दुकानदारों को खुले में गंदगी न फैलाने व सड़कों पर अतिक्रमण न करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने दुकानदारों को समझाया कि सड़कों पर अतिक्रमण करने से रास्ते संकरे हो जाते हैं। जिससे सड़कों पर जाम की स्थिति बनती है। जहां आमजन को परेशानी होती है, वहीं हादसों का खतरा बना रहता है। इसलिए सड़क सुरक्षा व आमजन को होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए कोई भी दुकानदार सड़कों पर अतिक्रमण न करें। खुले में कचरा फेंक कर गंदगी न फैलाए। शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग करें। फिर भी यदि कोई सड़कों पर अतिक्रमण करेगा व खुले में कचरा फेंकेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

किसानों को मुआवजा न देने के बहाने ढूंढ रही है सरकार : कुमारी सैलजा

क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 5 एकड़ की शर्त को हटाया जाए

तेजयुग न्यूज़

चंडीगढ़ : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल ही में ओलावृष्टि से फसलों के हुए नुकसान की भरपाई की दिशा में हरियाणा सरकार का रवैया नकारात्मक लग रहा है। किसान मुआवजे की मांग पर अधिकारियों के पास जा रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन मुआवजा कब तक मिलेगा, इस सवाल पर अफसर चुप्पी साध कर बैठे हैं। पिछले साल भी ओलावृष्टि से तबाह हुई फसल का 20 करोड़ मुआवजा अभी तक किसानों को नहीं मिला है।

⊙ कहा पोर्टल के चक्कर में न उलझाकर तुरंत गिरदावरी के दे आदेश

मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि किसान की जब फसल पक कर कटने का वक्त हुआ तो ओलावृष्टि से फसल बर्बाद हो गई। गिरदावरी की मांग को लेकर किसान प्रदेश भर में प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन उनकी सुध न सरकार ले रही है न वहां बैठे अफसर। लोगों का ऑनलाइन सिस्टम से भरोसा टूट चुका है क्योंकि पिछले साल का 20 करोड़ मुआवजा किसानों को अब तक नहीं मिला है। कुमारी सैलजा ने कहा कि अपने खून-पसीने की मेहनत से आमजन का पेट भरने वाले अन्नदाताओं को सरकार पोर्टल बाजी में उलझाने के बजाय तत्काल गिरदावरी के आदेश दे। उन्होंने कहा कि किसानों को मुआवजा न देने के सरकार बहाने ढूंढ रही है। पोर्टल बाजी के चक्कर में उलझाकर किसानों को मुआवजा देने से भागने की कोशिश न करके तुरंत गिरदावरी के आदेश देने चाहिए। सैलजा ने कहा कि लोकसभा चुनावों को लेकर कभी भी आचार संहिता लग सकती है। और उसके बाद सरकार किसानों को आचार संहिता का बहाना बता कर मुआवजे देने से भाग सकती है। अगर सरकार को किसानों की चिंता है तो पोर्टल का बहाना छोड़ कर गिरदावरी करानी चाहिए।

सैलजा ने कहा कि अगर ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया तो कांग्रेस पार्टी सरकार के खिलाफ आंदोलन करने से गुरेज नहीं करेगी। हम किसानों को उनका हक दिलवाने में किसानों का पूरा साथ देंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बारिश-ओलावृष्टि से 8 लाख एकड़ फसल में 25 प्रतिशत नुकसान हुआ है। वहीं, हरियाणा क्षतिपूर्ति पोर्टल में 5 एकड़ की शर्त ने किसानों के सामने मुश्किलें खड़ी कर दी है। किसान सिर्फ इतने नुकसान की रिपोर्ट ही क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड कर पा रहे हैं। सरकार ने पोर्टल पर फसलों को ओलावृष्टि और बारिश से हुए नुकसान के लिए 15 मार्च तक का ही टाइम दिया है जो किसानों के साथ अन्याय है। जिन किसानों का 5 एकड़ से ज्यादा नुकसान हुआ है, उन्हें पोर्टल पर बहुत दिक्कत आ रही है। सैलजा ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार को किसानों को वास्तविक एकड़ जमीन अपलोड करने की अनुमति देनी चाहिए और जितने एकड़ में नुकसान हुआ है, उसी के आधार पर उचित मुआवजा दिया जाए।

पंजाब पुलिस ने गन हाऊस चोरी मामले में दो मुलजिमों को किया गिरफ्तार

चोरी के 12 हथियारों सहित 21 कारतूस बरामद किए

तेजयुग न्यूज

चंडीगढ़: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा- निर्देशों पर समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध शुरु किए अभियान के अंतर्गत अमृतसर कमिशनरेट पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुये गन हाऊस चोरी मामले के दो दोषियों को गिरफ़्तार करके इस मामले की गुत्थी को सुलझा दिया है। पुलिस ने उनसे 12 हथियारों सहित 21 कारतूस बरामद किए गए है। यह जानकारी आज यहाँ डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ़्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान अजीत सिंह उर्फ गोलू (19) निवासी उत्तर प्रदेश ज़िला उनाओ, जो इस समय पर अमृतसर के कोट हरनाम दास में रह रहा था और मनदीप कुमार उर्फ वाड़ा (20) निवासी गाँव खापरखेड़ी, अमृतसर ग्रामीण के तौर पर हुई है। बरामद किए गए हथियारों में 9 डब्ल बैरल गन्नस, तीन पंप एक्शन (एसबीबीएल) गन्नस और एक किर्च (तेज हथियार) शामिल है।

जानकारी के अनुसार 21 और 22 फरवरी की रात को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने अमृतसर स्थित रॉयल गन हाऊस से हथियारों सहित गोला- बारूद और कुछ नकदी चोरी की थी। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर कमिश्नरेट के सी.आई.ए. स्टाफ-1 और 2 की कम से कम 10 टीमें बनाई गई थी, जिन्होंने तकनीकी और वैज्ञानिक ढंग के साथ जांच की और पाँच राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में 1000 से किलोमीटर से अधिक पीछा करके मुलजिमों को गिरफ़्तार किया।

इस संबंधी और जानकारी देते हुए सीपी अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि डीसीपी सिटी डा. प्रग्या जैन और डीसीपी डिटैक्टिव हरप्रीत सिंह मंडेर के नेतृत्व में एडीसीपी सिटी- 2 प्रभजोत सिंह विर्क और एडीसीपी डिटैक्टिव नवजोत सिंह के अधीन पुलिस टीमों ने इस जटिल मामले की बारीकी के साथ जांच की और दोषी व्यक्तियों का पीछा किया, जो गिरफ़्तारी के डर से वारदात वाले दिन पंजाब से भाग गए और अमृतसर वापिस जाने से पहले चंडीगढ़, पानीपत, दिल्ली, आगरा, अयोध्या और हरियाणा/ यू.पी. गए। प्रांरभिक जांच से पता लगा है कि वारदात को अंजाम देने के बाद मुलजिमों ने सब्ज़ी मंडी वल्ला, रेलवे ट्रैक नज़दीक गड्ढा खोद कर हथियार और गोला-बारूद सुरक्षित ढंग से छिपा दिया था। सीपी ने बताया कि गिरफ़्तार किए मुलजिम अजीत कुमार उर्फ गोलू ने अक्तूबर 2023 में अपने साथियों के साथ मिल कर थाना बी डिविज़न अमृतसर के क्षेत्र में से 4.2 किलो सोना चोरी किया था।

सीएम मनोहर लाल ने मेयर मदन चौहान के बेटी नीलिमा को दिया आशीर्वाद

मनीषा चौधरी

यमुनानगर: मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निवर्तमान मेयर मदन चौहान की लड़की की शादी में पहुंच कर उन्हें को आशीर्वाद दिया। बुधवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल यमुनानगर के आशीर्वाद पैलेस में निवर्तमान मेयर मदन चौहान की बेटी नीलिमा की शादी में पंहुचे। उन्होंने शादी में पहुंच कर निवर्तमान मेयर मदन चौहान व उनके परिवार को बधाई दी। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल,भाजपा के

प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, एचएसएससी के अध्यक्ष भोपाल खदरी, उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार, एसपी गंगाराम पुनिया आदि मौजूद रहे।

आर्य समाज शहर पलवल द्वारा एक विशाल प्रभात फेरी निकल जाएगी : यशवीर कुमार

तेजयुग न्यूज

पलवल : 6 मार्च पलवल उपलक्ष आर्य समाज शहर पलवल द्वारा एक विशाल प्रभात फेरी निकाली जाएगी। समय प्रातः 5:30 बजे होगा 8.3.2024 वार शुक्रवार को ऋषि बोधउत्सव है । यह प्रभात फेरी आर्य समाज दरबार कुआं शहर पलवल से चलकर थाई मोहल्ला खेल कला मोहल्ला वाया जी.टी .रोड दयानंद चौक (आगरा चौक) से ऋषि के गीत गाते हुए जवाहर नगर कैंप आर्य समाज में संपन्न होगी।

वहां पर आर्य केंद्रीय सभा पलवल के तत्वावधान में एक वृहद गायत्री यज्ञ एवं सभा होगी। जिसका समय 7:00 से 9:00 तक होगा । अतः आप सभी से प्रार्थना और अनुरोध है कि 8.3.2024 वार शुक्रवार को प्रातः 5:30 बजे आर्य समाज दरबार कुआं शहर पलवल मैं पहुंच कर अपने आर्य होने का परिचय देकर प्रभात फेरी में जरूर सम्मिलित हो ।

राज्यसभा सांसद सतनाम संधू ने मयंक की नई किताब 'बौनी गुड़िया' का किया विमोचन

संधू ने मयंक को इस किताब के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं

तेजयुग न्यूज

चंडीगढ़ : शहर के वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और समाज सेवक मयंक मिश्रा की नई किताब 'बौनी गुड़िया' का विमोचन राज्यसभा सांसद और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू ने किया। संधू ने मयंक को इस किताब के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि बाल साहित्य समय की जरूरत है। संधू ने लेखक को बधाई देते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह से लिखते रहने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर संवाद साहित्य मंच, चंडीगढ़ के अध्यक्ष प्रेम विज और वरिष्ठ शिक्षाविद्, साहित्यकार व कवि डॉ.विनोद शर्मा भी मौजूद थे। मयंक की यह दसवीं किताब है और यह उनका पहला बाल कहानी संग्रह है। सृष्टि प्रकाशन की ओर से प्रकाशित ÷बौनी गुड़िया÷ में कुल 25 लघु कहानियां हैं। किताब की हर

कहानी प्रेरणा देती है और हर कहानी में कोई न की संदेश छिपा है। मयंक ने कहा कि सतनाम सिंह संधू के हाथों से किताब का विमोचन करवाना उनके लिए गर्व का पल है क्योंकि 2011 में उन्होंने संधू जीवन पर आधारित किताब 'शून्य से शिखर तक' लिखी थी जो कि सभी के लिए प्रेरणादायक है।

मयंक की नई किताब पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रेम विज ने कहा कि किताब की प्रत्येक कहानी में बच्चों को सबक दिया गया है। उन्होंने आशा व्यक्ति की कि यह कहानी संग्रह किशोर अवस्था के पाठकों में विशेष स्थान बनाने में सफल रहेगा। डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि सभी कहानियां भावपूर्ण और दिल को छू लेने वाली है। वहीं, मानव मंगल ग्रुप आफ स्कूल्स के डॉयरेक्टर संजय सरदाना ने कहा कि किताब में अलग अलग विषयों पर बच्चों के लिए कहानियां हैं और हर कहानी ऐसी है जिससे बच्चे खुद को कहीं न कहीं से जोड़ पाएंगे और कुछ न कुछ सीख भी ले सकेंगे।

अब एसबीआई भी बनी बीजेपी की कठपुतली

भ्रष्ट भाजपा सरकार को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में मांगा समय : बुद्धिराजा

तेजयुग न्यूज

चंडीगढ़ : ईडी सीबीआई और इनकम टैक्स के बाद अब देश का सबसे बड़ा बैंक एसबीआई भी बीजेपी की बी टीम की तरह काम कर रहा है यह कहना था हरियाणा यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धि राजा का बुद्धिराजा यहां एसबीआई मुख्यालय चंडीगढ़ के समक्ष सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन कर रहे थे।

शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के ऊपर पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए धक्का मुक्की की एवं हिरासत में लेकर सेक्टर 17 थाने ले गई , जहाँ बाद में उन्हें छोड़ दिया गया मीडिया के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने खुलकर आरोप लगाया कि जो जानकारी एसबीआई को एक क्लिक में उपलब्ध हो सकती है उस जानकारी को देने के लिए एसबीआई ने महीनों का वक्त मांगा है। जो भाजपा के भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश है बुद्धिराजा ने आरोप लगाया कि पूरे देश में भाजपा जिला मुख्यालय के नाम पर अरबो रुपए की

⊙ हरियाणा यूथ कांग्रेस ने अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराज के नेतृत्व में एसबीआई कार्यालय पर किया प्रदर्शन ⊙ प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिस ने किया बल का प्रयोग, सेक्टर 17 थाने में किया बंद

प्रॉपर्टी बनाने वाली भाजपा को बचाने के लिए इलेक्ट्रोल बोंड़ की जानकारी उपलब्ध कराने में एसबीआई की देरी यह बताती है कि एसबीआई भी देश की अन्य सरकारी संस्थाओं की तरह बीजेपी की बी टीम बन गई है।

उन्होंने कहा कि 15 फरवरी को भारत की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी की चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक बताते हुए इस पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को चुनावी बांड योजना के तहत मिले चंदे का खुलासा करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को चुनावी चंदे से जुड़ी पूरी जानकारी 6 मार्च, 2024 (लोकसभा चुनाव से पहले) सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले का पूरे देश ने जोरदार स्वागत किया और इसे चुनावों में काले धन के इस्तेमाल और सत्ता में पूंजीपतियों की अवैध भागीदारी के खिलाफ सबसे निर्णायक कदम बताया। सत्तारूढ़ भाजपा, जो चुनावी बांड योजना की सबसे बड़ी लाभार्थी है, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद असहज थी। बीजेपी को डर था कि जैसे ही उसके दानदाता मित्रों की जानकारी सार्वजनिक होगी, बीजेपी की बेईमानी और चुनिंदा कॉरपोरेट्स के साथ उसकी नापाक सांठगांठ उजागर हो जाएगी।

यह आशंका थी कि कौन दान दे रहा था, बदले में उसे क्या मिला, उनके लाभ के लिए कौन से कानून बनाए गए, क्या दान देने वालों के खिलाफ जांच बंद कर दी गई, क्या जबरन दान इकट्ठा करने के लिए जांच की धमकी दी गई, इस बारे में विवरण सामने आ जाएगा। बीजेपी और मोदी सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक पर जानकारी साझा न करने का दबाव बनाया और कल भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर जानकारी साझा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगा। निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर कौन देगा? देश के सबसे बड़े और पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत बैंक को चुनावी बांड के बारे में जानकारी देने के लिए 5 महीने का समय क्यों चाहिए? एक क्लिक से 5 मिनट में पूरी जानकारी निकाली जा सकती है. जानकारी देने की अंतिम तिथि से एक दिन पहले ही स्टेट बैंक ने सूचना देने के लिए अधिक समय क्यों मांगा?

क्या यह गणना करने में भी एक महीना लगा कि वास्तव में कितना समय लगेगा? 48 करोड़ खाते, 66 हजार एटीएम और 23 हजार शाखाएं संचालित करने वाले एसबीआई को केवल 22217 चुनावी बांड के बारे में जानकारी देने के लिए 5 महीने चाहिए? सवाल उठता है कि क्या देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक अब बीजेपी की वित्तीय अनियमितताओं को छुपाने और काले धन के स्रोत को छुपाने का जरिया बन गया है. सवाल उठता है कि क्या एक राजनीतिक दल और एक सरकारी बैंक मिलकर देश के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की अवहेलना कर रहे हैं।

बीडीपीओ कार्यालय जगाधरी में लखपति दीदी महासम्मेलन कार्यक्रम आयोजित

मनीषा चौधरी

यमुनानगर: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में बीडीपीओ कार्यालय जगाधरी में लखपति दीदी महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं सहायता समूह के सदस्यों व नागरिकों को लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए संबोधित किया।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि लखपति दीदी योजना देश में गरीब महिलाओं को आर्थिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस योजना के तहत अभी तक 2 करोड़ महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया है और अब इसका दायरा बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया गया है। इस योजना में कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत महिलाओं को प्लंबिंग, एलईडी बल्ब बनाने के साथ ड्रोन संचालन और उनकी मरम्मत जैसी कई तरह की अन्य ट्रेनिंग भी दी जाती है, जिससे महिलाएं स्वावलंबी बन सके। इस अवसर पर डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीण शर्मा, मण्डल अध्यक्ष विपुल गर्ग,पूर्व पार्षद संगीता सिंघल सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।